Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to provide clear drinking water in Shrawasti.

श्री रामशिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती): महोदय, मैं अपनी तरफ से देशवासियों को होली की ढेर सारी शुभकामनाएं देता हूँ ।   महोदय, श्रावस्ती जनपद, हमारा लोक सभा क्षेत्र दो जनपदों का क्षेत्र है । यह नेपाल बॉर्डर से सटा हुआ क्षेत्र है, पहाड़ी क्षेत्र है और वहाँ के किसानों को सिंचाई के लिए पानी की बहुत बड़ी समस्या है । मैंने इस विषय पर कई बार सदन में बोलने का काम किया है । मैं आपके माध्यम से सिंचाई मंत्री जी से माँग करता हूँ कि किसानों की फसलों को पैदा करने के लिए कम से कम नलकूपों की व्यवस्था कराई जाए । साथ ही साथ वहाँ पहाड़ी क्षेत्र होने के नाते पीने के लिए स्वच्छ जल की बहुत समस्या है । हमारे यहाँ चाहे वह भिनगा क्षेत्र हो, चाहे गैसड़ी क्षेत्र हो या तुलसीपुर क्षेत्र हो, वहाँ पीने के पानी की बहुत बड़ी समस्या है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहूँगा कि कम से कम हमारे जनपद में पीने के लिए स्वच्छ जल की व्यवस्था शासन के माध्यम से कराई जाए । बहुत-बहुत धन्यवाद ।